आकाशवाणी चंडीगढ़

15 मार्च 2024, समय 1810

- हरियाणा की मण्डियों में आज से सरसों की खरीद शुरु हुई।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित स्थायी संसदीय समिति ने आयुष्मान भारत वय वंदन कार्ड के लिए आयु सीमा 70 से घटाकर 60 वर्ष करने की सिफारिश की।
- केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि सरकार उपभोक्ता को भ्रामक दावों के विरुद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- हरियाणा विधानसभा में परसों सोमवार को वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जायेगा।
- हिसार हवाई अड्डे के संचालासन के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से लाइसेंस मिला। विमान सेवा शीघ्र शुरू की जायेगी।

*******************************************************************

हरियाणा की मंडियों में आज से सरसों की खरीद शुरू हो गई है। भिवानी मंडी समिति के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि सरसों की खरीद के लिए मंडियों में पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

श्री अनिल कुमार ने कहा कि भिवानी जिले में भिवानी मंडी के अलावा बवानीखेड़ा, लोहारू, तोशाम, सिवानी, □गावा, जुई और बहल मंडी में सरसों की खरीद की जा रही है। इसके अलावा गांव धनाना, चांग, खरक और कैरू में खरीद केंद्र स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद 5 हजार 950 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आगामी एक अप्रैल से गेहूं की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

*******************************************************************

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित स्थायी संसदीय समिति ने आयुष्मान भारत वय वंदन कार्ड के लिए आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 साल करने की सिफारिश की है। संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना का दायरा बढ़ाने के लिए लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर ध्यान दिए बिना यह लाभ दिया जाना चाहिए। इसके अलावा स्थायी संसदीय समिति ने राज्यसभा में पेश की गई अपनी 163वीं रिपोर्ट में, इलाज में आने वाले भारी खर्च को देखते हुए आयुष्मान योजना के तहत इलाज की राशि को पांच लाख रुपये से दस लाख रुपये करने की भी सिफारिश की है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया है कि कई महंगे व नवीनतम तकनीक से जुड़े इलाज और ऑपरेशन और यहां तक कि उच्च स्तरीय डायग्नोसिस भी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल नहीं हैं। इसके मद्देनजर समिति ने कहा है कि CT, MRI और न्यूक्लियर इमेजिंग जैसी सुविधाओं को भी ऐड-ऑन पैकेज के बजाय योजना में शामिल किया जाना चाहिए । उल्लेखनीय है कि कुछ ही समय पहले केंद्र सरकार ने इस योजना का फायदा 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले हर वरिष्ठ नागरिक को देने का फैसला लिया था। इस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों की तरफ से सरकार द्वारा पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए आयुष्मान भारत वय वंदन कार्ड्स दिए जा रहे हैं।

*****************************************************************

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। श्री जोशी आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से एक वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने के लिए सरकार ने शिकायत निवारण तंत्र को आधुनिक बनाया है। श्री जोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स क्षेत्र में ग्राहकों की सहायता के लिए उपभोक्ता संरक्षण नियम, 2020 बनाए गए हैं और भारत में ग्राहक सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन मील का पत्थर साबित हुई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने कहा कि सरकार उद्योग जगत को सतत नवाचार और पर्यावरण अनुकूल विनिर्माण प्रक्रिया अपनाने के लिए प्रेरित

कर रही है। श्री जोशी ने कहा कि सरकार न केवल उपभोक्ताओं के संरक्षण बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

*****************************************************************

हरियाणा सहित आज देश भर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया।प्रदेश में कई कार्यक्रम कर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस वर्ष उपभोक्ता दिवस का विषय 'स्थायी जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन' था।

*****************************************************************

हरियाणा विधानसभा में इस सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट प्रस्तुत करेंगे।भिवानी से हमारे संवाददाता ने बजट को लेकर लोगों से बातचीत की और उनसे जानकारी ली कि उनको बजट से क्या उम्मीदें हैं। भिवानी के व्यापारी व आमजन को उम्मीद है कि 17 मार्च को पेश होने वाला बजट उनके लिए राहत भरा साबित होगा तथा बजट में हर वर्ग के लिए कल्याणकारी घोषणायें होंगी।

*****************************************************************

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि हिसार हवाई अड्डे के संचालन के लिए भारतीय विमानन प्राधिकरण से लाइसेंस प्राप्त हो गया है। जल्द ही हिसार से विमान सेवा शुरू की जाएगी। श्री विपुल गोयल ने इसे हरियाणा के नागरिकों के लिए गर्व का विषय बताते हुए बताया कि हिसार हवाईअड्डे से अयोध्या, जम्मू, जयपुर, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। हवाई अड्डे का संचालन और रखरखाव भारतीय विमानन प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार 503 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक पैसेंजर टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है है। इस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी हरियाणा पुलिस को सौंपी गई है।

*****************************************************************